# Rohilkhand Ayurvedic Medical College & Hospital

Sector7 Ramganga Nagar Yojana, Dohra Road,
BIU Campus, Bareilly (UP)243006
Phone- 8755922339 e-mail : ramchorg@gmail.com


Ref. No.: RAMCH/I-243/June-2025 Date: 16/06/2025

## अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 2025– उद्घाटन समारोह एवं रैली में सहभागिता रिपोर्ट

योग सप्ताह उद्घाटन समारोह एवं रैली में सहभागिता
स्थान– गांधी उद्यान, बरेली
दिनांक– 15 जून 2025

आयोजक– जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, जनपद–बरेली

दिनांक 15 जून 2025 को गांधी उद्यान, बरेली में "अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह" के शुभारंभ अवसर पर एक भव्य उद्घाटन समारोह एवं योग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, बरेली के शिक्षकगण, छात्र/छात्राएँ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) यूनिट–4 के स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:00 बजे योग अभ्यास सत्र से हुई, जिसमें विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियाँ प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा कराई गईं। योगाभ्यास के बाद शहर में एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने "योग अपनाओ– स्वस्थ जीवन पाओ", "हर दिन करें योग" तन–मन रखें निरोग" जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे

1. मुख्य अतिथि– श्री छत्रपाल गंगवार, माननीय सांसद, बरेली ।
2. विशिष्ट अतिथि – श्री संजीव अग्रवाल, माननीय विधायक कैण्ट, बरेली।
3. अविनाश सिंह, आई.ए.एस. जिलाधिकारी अध्यक्ष, जिला आयुष समिति, बरेली।
4. देवयानी– आई.ए.एस. मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष जिला आयुष समिति, बरेली।
5. डॉ0 मंजू सिंह, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, सह कार्यकारी अधिकारी, जिला आयुष समिति, बरेली।
6. डा0 अभिषेक सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला आयुष समिति, बरेली।
7. डॉ0 अब्बास अली खान, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी बरेली।

अतिथियों ने अपने संबोधन में योग के वैज्ञानिक महत्व, दिनचर्या में इसके समावेश और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने रोहिलखंड आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रयासों की सराहना करते हुए समाज में स्वास्थ्य चेतना फैलाने हेतु ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया।

यह रैली गांधी उद्यान से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः गांधी उद्यान पर समाप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन पूर्ण अनुशासन और समर्पण के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मोहित कुशवाहा (एसोसिएट प्रोफेसर), एवं डा0 ज्ञानदेव शर्मा, डा0 माया प्रकाश, डा0 हिमानी वर्मा, डा0 रामबाबू प्रजापति, ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा योग के सामाजिक और व्यक्तिगत लाभों पर प्रकाश डाला।

**निष्कर्षः**

यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं एनएसएस यूनिट–4 की सक्रिय सहभागिता से न केवल छात्रों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक संदेश मिला।

16/06/2025
Incharge NSS Unit-4
Rohilkhand Ay. Medical College
(Bareilly International University)
Bareilly (U.P.)

Principal/Dean
Rohilkhand Ayurvedic Medical
College & Hospital
Bareilly (U.P.)

# Rohilkhand Ayurvedic Medical College & Hospital

Sector7 Ramganga Nagar Yojana, Dohra Road,
BIU Campus, Bareilly (UP)243006
Phone- 8755922339 e-mail : ramchorg@gmail.com














कार्यक्रम का संचालन

कार्यक्रम अधिकारी

16/06/2025

Incharge NSS Unit-4
Rohilkhand Ay. Medical College
(Bareilly International University)
Bareilly (U.P.)

प्रधानाचार्य

Principal/Dean
Rohilkhand Ayurvedic Medical
College & Hospital
Bareilly (U.P.)

# Rohilkhand Ayurvedic Medical College & Hospital

Sector7 Ramganga Nagar Yojana, Dohra Road,
BIU Campus, Bareilly (UP)243006
Phone- 8755922339 e-mail : ramchorg@gmail.com














कार्यक्रम का संचालन

कार्यक्रम अधिकारी

16/06/2025

Incharge NSS Unit-4
Rohilkhand Ay. Medical College
(Bareilly International University)
Bareilly (U.P.)

प्रधानाचार्य

Principal/Dean
Rohilkhand Ayurvedic Medical
College & Hospital
Bareilly (U.P.)